भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.10.2024

# आरेडिका के महाप्रबंधक ने किया सर्तकता बुलेटिन का विमोचन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2024 28.10.2024 से 03.11.2024 तक आयोजित किया जा रहा है। आज दिनांक–30.10.2024 को महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सर्तकता बुलेटिन का विमोचन किया।

सर्तकता बुलेटिन के विमोचन पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार कटियार, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल केके कनौजिया, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

अन्य गतिविधियों में केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकगणों एवं विद्यार्थियों को वरिष्ठ सर्तकता अधिकारी धनंजय सिंह ने सत्यनिष्ठा शपथ दिलायी एवं **"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"** विषय पर एक व्याख्यान दिया।

मुख्य सामग्री प्रबंधक आर के सिंह ने ग्राहक एवं ठेकेदारों की शिकायत निवारण पर एक वेबिनार का आयोजन किया। आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद ने सभी ग्राहकों एवं ठेकेदारों से निष्पक्ष और निडर होकर ईमानदारी के साथ कार्य करने का सुझाव दिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 5 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

30.10.2024

(आर एन तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी